**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4687**
दिनांक 29.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

## राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम

4687. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में, विशेषकर तमिलनाडु के करूर निर्वाचन क्षेत्र में, कितने बुनकरों को राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नत करघे/सहायक उपकरण, प्रकाशक इकाइयां, विभिन्न वर्क शेड और तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है;

(ख) वर्ष 2019 से लेकर अब तक रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों की संख्या के संबंध में राज्य-वार आंकड़ों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) कच्चे माल की आपूर्ति योजना के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों/सोसाइटियों को प्रदान किए गए धागे का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क):** तमिलनाडु राज्य और करूर क्षेत्र सहित देश भर में कौशल उन्नयन, करघे और सहायक उपकरण, लाइटिंग यूनिट्स और वर्कशेड के तहत 2015-16 से 2022-23 (फरवरी, 2023 तक) लाभान्वित बुनकरों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

| अंत:क्षेप (इन्टर्वेन्शन) | लाभान्वित बुनकर | | |
|---|---|---|---|
| | संपूर्ण भारत | तमिलनाडु | करूर |
| कौशल उन्नयन प्रशिक्षण | 73,945 | 5,456 | 140 |
| उन्नत करघे और सहायक उपकरण | 59,750 | 14,624 | 1,025 |
| लाइटिंग यूनिट्स | 6,023 | 639 | - |
| वर्कशेड | 4,051 | 844 | 74 |

तकनीकी क्षेत्रों में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण जैसे बुनाई, रंगाई, छपाई, डिजाइनिंग आदि का काम पहले राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत किया जाता था, 2020-21 से इसे 'वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना (समर्थ)' योजना के तहत प्रदान किया जाता है।

**(ख):** राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के तहत 2019-20 से 2022-23 (फरवरी, 2023 तक) स्वीकृत ऋणों का राज्य-वार विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

**(ग):** कच्चा माल योजना के तहत हथकरघा बुनकरों/सोसायटियों को आपूर्ति किए गए 2017-18 से 2022-23 (फरवरी, 2023 तक) यार्न का राज्यवार विवरण अनुबंध-**II** में दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| **29.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4687 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण** | | |
| **2019-20 से 2022-23 (फरवरी' 23 तक) रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के तहत स्वीकृत ऋणों का राज्य-वार संख्या** | | |
| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृत ऋणों की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 11,938 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 10 |
| 3 | असम | 157 |
| 4 | बिहार | 86 |
| 5 | छत्तीसगढ | 43 |
| 6 | गोवा | 1 |
| 7 | गुजरात | 38 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 12 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 2,330 |
| 10 | कर्नाटक | 336 |
| 11 | केरल | 837 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 52 |
| 13 | मणिपुर | 9 |
| 14 | ओडिशा | 252 |
| 15 | पंजाब | 3 |
| 16 | राजस्थान | 4 |
| 17 | तमिलनाडु | 26,153 |
| 18 | तेलंगाना | 1,845 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 224 |
| 20 | उत्तराखंड | 1 |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 30 |
| | **कुल** | **28,257** |

| | | |
|---|---|---|
| **29.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4687 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण** | | |
| **वर्ष 2017-18 से 2022-23 (फरवरी'23 तक) कच्चा माल आपूर्ति योजना के अंतर्गत आपूर्ति किए गए यार्न का राज्यवार विवरण** | | |
| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आपूर्ति किए गए यार्न की मात्रा (लाख किग्रा में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 53.889 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.150 |
| 3 | असम | 8.453 |
| 4 | बिहार | 1.332 |
| 5 | छत्तीसगढ | 149.306 |
| 6 | गुजरात | 2.226 |
| 7 | हरियाणा | 662.329 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 5.460 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 1.249 |
| 10 | झारखंड | 12.068 |
| 11 | कर्नाटक | 26.393 |
| 12 | केरल | 432.849 |
| 13 | लद्दाख | 0.001 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 10.570 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1.554 |
| 16 | मणिपुर | 5.779 |
| 17 | मेघालय | 0.865 |
| 18 | मिजोरम | 1.836 |
| 19 | नगालैंड | 0.056 |
| 20 | ओडिशा | 23.393 |
| 21 | पुडुचेरी | 0.575 |
| 22 | राजस्थान | 2.983 |
| 23 | सिक्किम | 0.062 |
| 24 | तमिलनाडु | 1,350.214 |
| 25 | तेलंगाना | 56.276 |
| 26 | त्रिपुरा | 3.430 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 263.813 |
| 28 | उत्तराखंड | 17.004 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 40.250 |
| | **कुल** | **3,134.365** |

*****